# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री उमराव मीना, निवासी ग्राम पोस्ट करनावर तहसील बसवा जिला दौसा राजस्थान-303327

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा

अपील संख्या 64/2024

**निर्णय** दिनांक 28.11.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/3481 दिनांक 29.10.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2024/5812 दिनांक 07.11.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना पत्र कमांक 5805 दिनांक 7.11.2024 के द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.01.08 12:38:34 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा